भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3569
उत्तर देने की तारीख-02.04.2025

जवाहर नवोदय विद्यालय

3569 **श्री संदोष कुमार पी**:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 जनवरी 2025 तक देश भर में जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) की राज्यवार सूची क्या है;
(ख) वर्ष 2014 से प्रत्येक राज्य में स्वीकृत और संचालित जेएनवी की संख्या कितनी है;
(ग) क्या सरकार शीघ्र नए जेएनवी स्थापित करने की योजना बना रही है; और
(घ) नए जेएनवी की स्थापना के लिए मानदंड क्या हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): आज की तारीख तक, देश में कुल 689 नवोदय विद्यालय (जेएनवी) संस्वीकृत किए गए हैं। इन जनवि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा यूआरएल लिंक - https://navodaya. gov.in/nvs/en/Promotion-Notification/ पर उपलब्ध है।

(ख): वर्ष 2014 से संस्वीकृत और कार्यात्मक बनाए गए नवोदय विद्यालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(ग) और (घ): नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक ग्रामीण जिले में एक नवोदय विद्यालय (एनवी) खोलने की परिकल्पना की गई है। नए नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है, जो स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि, निःशुल्क उपलब्ध कराने तथा स्थायी भवन का निर्माण होने तक विद्यालय के संचालन हेतु अपेक्षित किराया-मुक्त अस्थायी भवन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करता है। नए नवोदय विद्यालयों की संस्वीकृति और उन्हें खोलना सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है।

*****

अनुलग्नक

माननीय संसद सदस्य श्री संदोष कुमार पी द्वारा "जवाहर नवोदय विद्यालय" के संबंध में दिनांक 02.04.2025 को पूछा जाने वाला राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3569 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष 2014 से संस्वीकृत और कार्यात्मक बनाए गए नवोदय विद्यालयों (एनवी) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	संस्वीकृत नवोदय विद्यालय	कार्यात्मक बनाए गए नवोदय विद्यालय
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	1
2	अरुणाचल प्रदेश	10	1
3	असम	6	1
4	छत्तीसगढ़	11	11
5	दिल्ली	7	3
6	गुजरात	8	11
7	हरियाणा	1	1
8	जम्मू और कश्मीर	5	5
9	झारखंड	2	2
10	कर्नाटक	4	3
11	मध्य प्रदेश	4	4
12	महाराष्ट्र	2	1
13	मणिपुर	3	0
14	मेघालय	4	4
15	मिजोरम	0	1
16	पंजाब	2	2
17	राजस्थान	1	2
18	तेलंगाना	7	0
19	त्रिपुरा	4	4
20	उत्तर प्रदेश	5	8
21	पश्चिम बंगाल	4	1
कुल		**91***	**66****

* इसमें दिसंबर 2024 में संस्वीकृत 28 नए एनवी शामिल हैं।

** इसमें वर्ष 2014 से पहले से संस्वीकृत कुछ एनवी शामिल हैं।

*****